भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4028
उत्तर देने की तारीख 12 अगस्त, 2026

डिजिटल और दूरसंचार कनेक्टिविटी में सुधार

4028. श्री अ. मनि:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा तमिलनाडु में विशेष रूप से ग्रामीण और सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में डिजिटल और दूरसंचार कनेक्टिविटी में सुधार के लिए क्या प्रमुख पहले शुरू की गई हैं.

(ख) उक्त अवधि के दौरान धर्मपुरी जिले सहित तमिलनाडु में उच्च गति ब्रॉडबैंड से जोड़े गए गांवों, ग्राम पंचायतों और सार्वजनिक संस्थाओं का ब्यौरा क्या है.

(ग) क्या सरकार ने नए दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना करके धर्मपुरी जिले में मोबाइल नेटवर्क कवरेज और इंटरनेट सेवाओं में सुधार के लिए कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है.

(घ) तमिलनाडु में बेहतर दूरसंचार कनेक्टिविटी के माध्यम से डिजिटल सेवाओं, ई-गवर्नेस ऑनलाइन शिक्षा और टेलीमेडिसिन को बढ़ावा देने के लिए क्या उपाय किए गए हैं और

(ङ) धर्मपुरी जिले सहित तमिलनाडु के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में विश्वसनीय, उच्च-गति दूरसंचार और ब्रॉडबैंड-सेवाएं, प्रदान करने के लिए आगे क्या पहलें प्रस्तावित हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ङ): जून, 2026 तक, तमिलनाडु में 16,488 गांवों (भारत के महा पंजीयक के आंकड़ों के अनुसार) में से, 16,479 गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी है, जबकि 16,447 गांवों में 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी है।

धर्मपुरी जिले में, 487 गांवों में से, 485 गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी है, जबकि 478 गांवों में 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी है। तमिलनाडु के गांवों की 4जी मोबाइल कवरेज की स्थिति का जिला-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

30.06.2026 तक, धर्मपुरी जिले में 2,289 4जी बीटीएस और 637 5जी बीटीएस सहित तमिलनाडु में 1,36,526 4जी बेस ट्रांससीवर स्टेशन (बीटीएस) और 39,522 5 जी बीटीएस कनेक्टिविटी प्रदान कर रहे है।

सेवा से वंचित बसावट वाले किसी भी गांव के लिए मोबाइल कवरेज, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा तकनिकी-वाणिज्यक व्यवहार्यता के आधार पर प्रदान की जाती है। सरकार ने तमिलनाडु सहित देश के कवर नहीं किए गए ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल टावर लगाकर दूरसंचार कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) से वित्तपोषण के साथ विभिन्न योजनाओं को मंजूरी दी है। इसके अलावा, सरकार ने सभी ग्राम पंचायतों (जीपी), और बिना ग्राम पंचायत वाले गांवों को मांग के आधार पर हाई-स्पीड फाइबर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए संशोधित भारतनेट कार्यक्रम को मंजूरी दी है।

भारत सरकार ने तमिलनाडु राज्य में संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के अंतर्गत भारतनेट नेटवर्क के उपयोग के लिए राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और इस संबंध

में करार पर हस्ताक्षर करने के लिए इसे राज्य सरकार के साथ पहले ही साझा किया जा चुका है।

जून 2026 के दौरान, भारतनेट के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य में धर्मपुरी में 210 जीपी सहित 9,280 जीपी चालू हैं। सरकार द्वारा वित्तपोषित 4जी सैचुरेशन परियोजना के तहत, 30.6.2026 तक, तमिलनाडु राज्य में धर्मपुरी जिले के 19 गांवों को कवर करने वाले 11 मोबाइल टावरों सहित 257 मोबाइल टावर चालू किए गए हैं जिनसे 308 गांवों को सेवाएं मिल रही हैं।

*****

अनुबंध

"डिजिटल और दूरसंचार कनेक्टिविटी में सुधार" के संबंध में माननीय सांसद द्वारा पूछे गए दिनांक 12 अगस्त, 2026 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4028 के भाग-(क) से (ङ) के उत्तर के संदर्भ में अनुबंध।

तमिलनाडु में गांवों की 4जी मोबाइल कवरेज की स्थिति का जिला-वार ब्यौरा:

क्र. सं.	जिला	गाँवों की कुल संख्या (2019 के आरजीआई डेटा के अनुसार)	4जी कनेक्टिविटी वाले गांवों की संख्या
1	अरियालुर	214	214
2	चेंगलपट्टू	601	601
3	कोयंबटूर	256	254
4	कुड्डालोर	843	843
5	**धर्मपुरी**	**487**	**478**
6	डिंडीगुल	370	370
7	इरोड	306	306
8	कल्लाकुरिची	582	577
9	कांचीपुरम	436	436
10	कन्याकुमारी	115	115
11	करूर	175	175
12	कृष्णागिरी	661	657
13	मदुरै	592	591
14	नागापट्टिनम	494	494
15	नामक्कल	427	427
16	पेरम्बलुर	159	159
17	पुदुक्कोट्टई	756	756
18	रामनाथपुरम	398	398
19	रानीपेट	316	316
20	सेलम	616	609
21	शिवगंगा	539	538
22	तेनकासी	229	228

क्र. सं.	जिला	गाँवों की कुल संख्या (2019 के आरजीआई डेटा के अनुसार)	4जी कनेक्टिविटी वाले गांवों की संख्या
23	तंजावुर	810	810
24	नीलगिरि	41	41
25	थेनी	101	99
26	तिरुवल्लूर	716	716
27	तिरुवरूर	546	546
28	थूथुकुडी	450	450
29	तिरुचिरापल्ली	469	468
30	तिरुनेलवेली	284	284
31	तिरुपथुर	226	225
32	तिरुप्पुर	309	308
33	तिरुवन्नामलाई	1110	1107
34	वेल्लोर	340	338
35	विल्लुपुरम	921	920
36	विरुधुनगर	593	593
कुल		**16,488**	**16,447**